# बिगड़ी बनती मेडी धाम से | By Kumaar Mukesh

सबकी बिगड़ी बनती तेरे मेडी धाम से
अर्ज़ी लेकर आये जो भी तेरे धाम पे
अर्ज़ी लेकर आये जो भी मेडी धाम पे

दुनिया के दुखडो से गोगाजी मैं तो घबराया हूँ
हाथ पकड़ लो बाबा दुनिया का मैं तो ठुकराया हूँ
तेरे नाम की महिमा गाऊं सुबह शाम मैं
सबकी बिगड़ी बनती तेरे मेडी धाम से

बड़ा ही निर्मल बड़ा ही पावन गोगा धाम तुम्हारा है
दर पर वो ही आता बाबा जिसको तेरा इशारा है
दु:ख सारे पल में मिट जाएँ तेरे धाम पे
सबकी बिगड़ी बनती तेरे मेडी धाम से

दर्शन करने मेडी वाले आया हूँ बड़ी दूर से
झोलियाँ सबकी भर दो बाबा आज अपने ही नूर से
मन की मुरादें पूरी होती तेरे धाम पे
सबकी बिगड़ी बनती तेरे मेडी धाम से

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ac%e0%a4%bf%e0%a4%97%e0%a4%a1%e0%a4%bc%e0%a5%80-%e0%a4%ac%e0%a4%a8%e0%a4%a4%e0%a5%80-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%a1%e0%a5%80-%e0%a4%a7%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%b8%e0%a5%87-by-kumaar-mukesh/